04 अगस्त माह तक बनकर तैयार हो जाएगा ...



07 विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर णमो अरिहंताणं ...



## खबर संक्षेप

### भाजपा का आज सक्रिय सदस्य सम्मेलन

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी विदिशा विधानसभा क्षेत्र का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आज 10 अप्रैल को समय शाम 4 बजे स्थान रविंद्र नाथ टैगोर ऑडिटोरियम में होगा। सक्रिय सदस्यों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### अंतरिक्ष प्रयोगशाला का शुभारंभ कल

**विदिशा।** मगधम स्कूल में पूर्व इसरो अध्यक्ष किरण कुमार कल अंतरिक्ष प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगी। इस नेक्स्ट जनरेशन फ्यूचरिस्टिक प्रयोगशाला के उद्घाटन अवसर पर वे छात्रों और शिक्षकों से संवाद करेंगे। इसके अलावा 31 मार्च को हुए इंटर स्कूल स्पेस क्विज के विजेताओं को पुरस्कार भी देंगे।

### कांग्रेस कल करेगी नुक्कड़ सभाएं

**विदिशा।** 11 अप्रैल को कांग्रेस द्वारा हर ब्लॉक मुख्यालय पर नुक्कड़ सभाएं की जाएंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि इन सभाओं में भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध किया जाएगा। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने-किसानों को फसलों के उचित दाम नहीं मिलने, बिजली के दाम बढ़ाए जाने सहित कई मुद्दे शामिल होंगे।

### अभियानः जल स्रोतों को संवारने का काम जारी

**विदिशा।** लटेरी विकासखंड क्षेत्र में शासकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के द्वारा हैंड पंप के आसपास के क्षेत्र को साफ स्वच्छ कर संदेश दिया गया। इस कार्य में शिक्षकों ने भी सहभागिता निभाई है। जिला प्रशासन द्वारा जल स्त्रोतों को संवारने के साथ-साथ गर्मी को ध्यानगत रखते हुए नगरीय क्षेत्र के प्याऊ को संवारने का कार्य भी किया जा रहा है। जिसके तहत शमशाबाद नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 5 में एक नवीन प्याऊ प्रारंभ किया गया है ताकि आम नागरिकों को गर्मी के दौरान ठंडा और शीतल जल मिल सके।

### नवांकुर संस्था ने श्रमदान किया

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्याराखेडी जय मां जन सेवा समिति सेक्टर पथरिया विकासखंड सिरोंज द्वारा मप्र शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत वैगमति नदी प्याराखेड़ी पर बने स्टाप डेम पर जल संरक्षण को लेकर श्रमदान किया गया। पानी के अंदर से कचरे को निकालकर साफ-सफाई की गई। जिससे पशुओं को पीने के लिए शुद्ध पानी मिल सके और जल का संरक्षण हो सके इस कार्यक्रम में 13 नागरिकों ने सहभागिता निभाई है।

### पीएम पोषण शक्ति निर्माण की प्रशंसा

**विदिशा।** छात्रों के लिए भोजन पकाने की राशि दिसंबर माह से बढ़कर 6.19 पैसा एवं माध्यमिक के लिए 8.17 से 9.29 पैसे हो गई है। इस वर्ष उनकी योजना में लगातार खाद्यान्न का उठाव 100% रहा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रमुख सचिव द्वारा प्रशंसा पत्र भी जारी किया है। अन्य मदों में भी 100 % उपलब्धि रही है। बैठक में बताया कि गर्मी में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम हो गई है।

## हनुमान जयंती के दिन दोपहर ठीक 12 बजे मस्तक पर पड़ेंगी किरणें

हनुमान जयंती पर विदिशा में रंगई घाट स्थित हनुमान मंदिर में बजरंग बली का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया जाएगा। हालही में रामनवमीं पर रामलला का अयोध्या में सूर्य तिलक किया गया था।

# अयोध्या के रामलला की तरह रंगई वाले दादाजी का होगा सूर्यतिलक, बैंकॉक थाईलैंड से मंगवाए आधुनिक लैंस से सूर्य की किरणें मस्तक तक पहुंचाएंगे

### रामनाम लिखी सवा लाख पर्चियों से मंदिर को सजाया जाएगा, पिछले बार नोटों से किया गया था शृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अयोध्या के बाद पहली बार 12 अप्रैल को ऑप्टो मैकेनिक सिस्टम से रंगई वाले हनुमान जी महाराज का सूर्यतिलक होने जा रहा है। रंगई हनुमान मंदिर सेवा समिति ने इसके लिए थाईलैंड से लैंस मंगवाए हैं।

विगत वर्ष जहां हनुमान जी महाराज का लाखों रुपए के नोटों से श्रृंगार किया गया था, वहीं इस वर्ष एक नया प्रयोग किया जा रहा है। हनुमान जयंती के दिन ठीक दोपहर 12 बजे बैंकॉक थाईलैंड से मंगवाए गए आधुनिक रेरिस्कोप व लैंस से सूर्य की किरणें हनुमान जी के मस्तक तक पहुंचाई जाएंगी।

इस दौरान रत्नजड़ित आधुनिक सोने का दिव्य तिलक तेजमय प्रकाश से भगवान के मस्तक पर चमकेगा। हनुमान जी के आठ दिव्य स्वरूपों के दर्शन होंगे। 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे यह ऐतिहासिक क्षण होगा, जब श्रद्धालुओं को सूर्य तिकल दर्शन का अवसर मिलेगा।



### शहर के यह प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जहां हनुमान जयंती के दिन लगती है भक्तों की लंबी-लंबी कतार

रंगई हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के दिन सबसे अधिक भीड़ होती है। इसके बाद बहराबाबा घाट स्थित मंदिर पर भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यह काफी प्राचीन मंदिर हैं। इसके बाद महलघाट स्थित हनुमान मंदिर भी दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। हनुमान जयंती को लेकर मंदिरों साफ सफाई और रंगाई पुताई शुरू हो गई है। हनुमान जयंती भव्य और आकर्षक रूप से मनाने मंदिरों में बैठकों का दौर चल रहा है। हनुमान जयंती के दिन मेहगांव जान वाले श्रद्धालुओं की संख्या अच्छी खासी रहेगी। हजारों की संख्या में विदिशा से लोग प्रति शनिवार और मंगलवार मेहगांव दर्शन करने जाते हैं।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में लिए गए जनहितैषी निर्णय

# गांवों में लगाए जाएंगे 100 हैंडपंप, स्कूलों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत की बैठक हुई। बैठक में उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी समेत अन्य सभी सदस्य, जिला पंचायत सीईओ के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने सदस्यों की आपत्तियों को संज्ञान में लेते हुए सभी विभागों के जिलाधिकारियों से कहा कि कार्यक्षेत्रों में जो भी शासकीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तो उस क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य को ससम्मान आमंत्रित करें।

ग्यारसपुर वार्ड नंबर पांच की जिला पंचायत सदस्य ने आपत्ति दर्ज करते हुए बताया कि शाला में पहला कदम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों की सूचनाएं व आमंत्रण दोनों प्राप्त नहीं होने के कारण अपने निर्वाचन क्षेत्र में हुए आयोजनो में शामिल नहीं हो पाई हूं। आयोजक को इस संबंध में शोकाज नोटिस जारी कर कारणों का पता लगाने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ के द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं।



**विदिशा।** सामान्य सभा की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिपं अध्यक्ष गीता कौलश रघुवंशी।

जिला पंचायत के सामान्य बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत होकर एकस्वर से आग्रह किया कि निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 12वीं तक की ड्रेस एक ही प्रकार की रखी जाए। इसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सुझाव दिए गए कि सीबीएसई के माध्यम से स्कूलों में पढ़ाई के दौरान हर स्कूल अपनी अलग-अलग किताबें संचालित कर रहा है। जिससे इस प्रकार की विभिन्नता को जिले में समाप्त किया जाए। ताकि सभी विद्यार्थियों को एक जैसा कोर्स पढ़ने की सहूलियत होने से बौद्धिक शैक्षणिक प्रतिभाएं विकसित होने व प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। सदस्यों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की स्कूलों सहित अन्य संस्थाओं के निरीक्षण दौरान शिक्षा अथवा विद्यार्थी अनुपस्थित पाए जाते है इसमें कसावट लाने के लिए जिला स्तर पर पहल की जाए। जिला पंचायत सीईओ ने सभी सदस्यों से कहा कि भ्रमण के दौरान निरीक्षण पंजी पर जानकारियां अंकित करें ताकि संबंधितों पर कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित हो।

### सदस्यों के सुझावों पर किया जाए अमल

जिला पंचायत की बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत स्वर से प्रस्ताव रखा कि जिले में खनन किए जाने वाले हैंडपंपों के स्थलों की जानकारी जिपं सदस्य को उपलब्ध कराई जाए। सदस्यों द्वारा बतलाए गए स्थलों पर भी नवीन हैंडपंप खनन किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले के 1528 गांव के लिए 100 नवीन हेण्डपंपों के खनन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। सदस्यों के द्वारा एक या दो नवीन स्थलों पर हैंडपंप खनन के प्रस्ताव प्रदाय किए जाते है तो उन स्थलों पर विभागीय लक्ष्य के माध्यम से नवीन हैंडपंप कराने की प्रक्रिया क्रियान्वित की जाएगी। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक की शुरूआत विगत बैठक में लिए गए निर्णयों पर संबंधित विभागो के द्वारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

# 9 दिनों में 1623 वाहनों की जांच, नियम विरुद्ध चलने पर 357 चालकों पर हुई कार्रवाई



**विदिशा।** वाहन चैकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए यातायात प्रभारी आशीष राय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक 9 दिनों में कुल 1623 वाहनों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 357 वाहन चालकों पर नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इनसे कुल 1 लाख 33 हजार 400 रुपए का जुर्माना वसूला है।

### रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देशों पर कार्रवाई

यह अभियान सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। इसमें बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ओवर स्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने और बिना पीयूसी सर्टिफिकेट वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई हो रही है। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और बिना फिटनेस व बीमा के वाहन चलाने वालों को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। स्कूल वाहनों की भी विशेष जांच की जा रही है। अब तक 5 स्कूली वाहनों में कमियां पाई गईं, जिनमें अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार किट की अनुपस्थिति शामिल है। इन पर 3 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# 16 हजार 953 किसानों ने गेहूं बेचा, 170 करोड़ खातों में जमा

### जिले में 190 उपार्जन केंद्रों पर की जा रही है खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

समर्थन मूल्य पर उपज बेचने जिलेभर में 79 हजार 808 किसानों द्वारा पंजीयन कराया है। 2425 रुपए और बोनस 175 रुपए बोनस के साथ 2600 प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी की जा रही है।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले में स्थापित 190 उपार्जन केंद्रों पर उपज बेचने 25 अप्रैल तक 47804 किसानों ने स्लॉट बुक कराए हैं, जिनमें से अब तक 16953 किसानों द्वारा 167579.98 मेट्रिक टन गेंहू का विक्रय किया गया है। जिसमें से 162660.36 मेट्रिक टन गेंहू (97 प्रतिशत) का सुरक्षित भंडारण कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों पर गेंहू विक्रय करने वाले कृषकों का भुगतान लगातार त्वरित गति से हो रहा है। अभी तक राशि रुपए 312 करोड़ के ईपीओ प्राप्त हो गए हैं एवं राशि रुपए 170 करोड़ का सफल भुगतान जेआईटी के माध्यम से किसानों को उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। किसान भाईयों से अपील की गई है कि स्लॉट बुकिंग के उपरांत ही उपार्जन केन्द्रों पर उपज विक्रय हेतु ले जायें ताकि उनको किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े।

रबी विपणन वर्ष 2025-26 गेहूं उपार्जन का कार्य विदिशा जिले में सुव्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। जिले के सभी 190 उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

# बिजली विभाग के 20 आउटसोर्स कर्मचारी तीन माह से परेशान, कलेक्टर ने दिया वेतन दिलाने का आश्वासन

### बिजली काटने के तत्पर खड़ी कंपनी कर्मचारियों को वेतन नहीं दिला पा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बिजली विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। विभाग में ठेकेदार लखन शर्मा द्वारा नियुक्त 20 कर्मचारियों को जनवरी से मार्च तक का वेतन नहीं मिला है। इन कर्मचारियों ने बिजली बिल की रिकवरी से लेकर खतरनाक लाइन वर्क तक का काम किया, लेकिन अब तीन महीने से अपने हक के लिए भटक रहे हैं।

अब ठेकेदार बार-बार वेतन भुगतान से मुकर रहा है। प्रत्येक कर्मचारी का लगभग 35 हजार तक बकाया है। जिसे लेकर सभी बिजली कंपनी के अधिकारियों और ठेकेदार के चक्कर काट रहे हैं,



**विदिशा।** आउटसोर्स कर्मियों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी मौजूद रहे।

लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। कांग्रेस नेत्री अंजना चिढ़ार पीड़ित कर्मचारियों के समर्थन में सामने आईं। उन्होंने कर्मचारियों के साथ मिलकर कलेक्टर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द वेतन नहीं मिला तो ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और ऊर्जा मंत्री का पुतला दहन भी किया जाएगा। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कर्मचारियों को शीघ्र वेतन दिलाने का आश्वासन दिया है। ठेकेदार लखन शर्मा का तीन महीने का अनुबंध अब समाप्त हो चुका है।

# वन भूमि से हटाया अतिक्रमण कई जेसीबी की थीं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में वन विभाग, पुलिस एवं राजस्व के संयुक्त बल द्वारा लटेरी अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी- 459 में अतिक्रमण बेदखली की कार्रवाई की गई। उक्त अतिक्रमणकारी कई वर्षों से अतिक्रमित वन भूमि पर काबिज थे।

जिला टास्कफोर्स की बैठक में वन मंडल अधिकारी द्वारा यह प्रकरण कलेक्टर एवं एसपी के संज्ञान में लाया गया था। कक्ष क्रमांक 459 में वन विभाग, पुलिस एवं राजस्व बल द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर अतिक्रमित वन भूमि रकवा 39 हेक्टेयर को मुक्त कराया गया। पूरी कार्रवाई की मॉनिटरिंग डीएफओ द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान उप वनमंडलाधिकारी, सिरोंज तरुण



डेहरिया, अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस लटेरी, तहसीलदार लटेरी थाना प्रभारी आनंदपुर एवं उन्नारसींकलां, वन परिक्षेत्र अधिकारी, मुकेश केन एवं उड़नदस्ता दल वनमंडल विदिशा पूरी कार्रवाई में मौके पर रहकर अतिक्रमण विरोधी कारवाई में शामिल रहे। वन विभाग, राजस्व, पुलिस अमले द्वारा अतिक्रमण बेदखल करने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण बेदखली के दौरान वन विभाग, राजस्व एवं पुलिस के 150 अधिकारी, कर्मचारियों के अमले द्वारा कार्रवाई की गई।

# केवाईसी करने 30 तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आदेश जारी कर राशन लेने वाले पात्रताधारी हितग्राहियों के ईकेवाईसी करने 30 अप्रैल तक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश में उल्लेख है कि 30 अप्रैल तक ई-केवायसी करने का विशेष अभियान चलाया जाए। ई-केवायसी से शेष हितग्राहियों की सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय, जेएसओ लॉगिन पर उपलब्ध है, जिसका प्रिंट निकाल कर ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, उचित मूल्य दुकान पर प्रदर्शित कराय जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के स्थानीय अमले को ई-केवायसी करने सहयोग लिया जाए।

उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं वार्ड प्रभारी का दल गठित करने निर्देश दिए हैं। ई-केवायसी करने हेतु गठित दल द्वारा ग्रामवार, मोहल्लावार केम्प लगाकर हितग्राहियों के ई-केवायसी किए जाएं एवं ग्राम में शेष समस्त हितग्राहियों के ई-केवायसी करने के उपरांत ही अन्य ग्राम, मोहल्ले में केम्प आयोजित किए जाएं।

ई-केवायसी के दौरान परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु होने, स्थाई रूप से प्रवास पर जाने (विवाह आदि कारणों से) एवं डुप्लीकेट होने पर प्रविष्टी विलोपन की जाएं। पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने जागरूक किया जाए। 30 अप्रैल तक विशेष अभियान के तहत शेष हितग्राहियों के ई-केवायसी किये जाने उचित मूल्य दुकान का विक्रेता एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी के रूप में दल का गठन किया जाता है।

# आदेश जारीः अब सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक ही खुलेंगे सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल, आंगनबाड़ियों का समय भी बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है।

विगत दिनों ज्ञापन देकर विभिन्न संगठनों ने समय में बदलाव करने की मांग की थी। अब शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और सीबीएसई स्कूल शामिल हैं। नए आदेश के मुताबिक नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह साढ़े 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की समयावधि में भी परिवर्तन किया गया है। आंगनबाड़ी का समय भी अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। जारी उक्त आदेश 30 जून तक की अवधि तक प्रभावशाली रहेगा। जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रातः 7 बजे उपस्थित होंगी।

### गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी, यह बरतें सावधानी

स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। तेज धूप से त्वचा पर लाल चकत्ते हो सकते हैं। सूजन और फफोले की शिकायत भी हो सकती है। इससे बुखार आ सकता है। फफोलों की स्थिति में स्टरलाइज ड्रेसिंग करें। चिकित्सक से परामर्श लें। लू लगने पर शरीर में ऐंठन हो सकती है। अत्यधिक पसीना आ सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत छायादार स्थान पर जाएं। प्रभावित अंग की हल्की मालिश करें। ठंडा पानी या पना पिएं। उल्टी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। गर्मी से बचने के लिए सावधानी बरतें। अत्यधिक थकावट या कमजोरी महसूस होने पर छायादार स्थान में आराम करें। सिरदर्द या मूर्छा आने पर शरीर पर ठंडे गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। एसी कमरे में रहें। शीतल जल, छाछ या पना पिएं। स्थिति गंभीर होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3988
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2900
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2350
उच्चतम भाव- 2389
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5827
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3850
धान
न्यूनतम भाव-1070
उच्चतम भाव-3005
बटरी
न्यूनतम भाव-2870
उच्चतम भाव-4630
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6360
धनिया
न्यूनतम भाव-5070
उच्चतम भाव-5800
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7202
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4415
तुअर
न्यूनतम भाव-6280
उच्चतम भाव-6280

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 44531 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**गंजबासौदा।** बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेसी स्वर्गीय काशीराम त्रिवेदी एवं दीपक जालोरी की श्रद्धांजलि सभा पूर्व विधायक निशंक जैन के कार्यालय में रखी गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, नगर अध्यक्ष अदनान भाई, वरिष्ठ कांग्रेसी बाबू पिंगले, अमित मेहता , नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, उमेश सोनी, प्रदीप चौकसे, लालाराम चंदेल, एडवोकेट सोनू यादव एवं कांग्रेस परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### कार खंभे से टकराई



**गंजबासौदा।** बुधवार को नगर के त्योंदा बासौदा मार्ग पर वन डिपो बैतोली क्षेत्र में एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर खंबे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान वहां पर लोगों की भीड जमा हो गई और खंभा भी टूट गया।

# गर्मी के प्रकोप के चलते शालाओं का समय परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




आजकल गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिसको देखते हुए शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा लगातार ज्ञापन के माध्यम से शालाओं के समय में परिवर्तन की मांग की जा रही थी। पूर्व में एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को समय परिवर्तन का ज्ञापन दिया गया था, साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को भी ज्ञापन देकर शिक्षक और छात्रों के हित में समय परिवर्तन की मांग की थी। संगठन की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर ने संगठन की मांग को उचित मानते हुए शाला का समय प्रातः 7:30 से करने का आदेश बुधवार को जारी कर दिया है। जिससे शिक्षण जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई। शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा शाला में समय परिवर्तन किए जाने पर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया। जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए संगठन प्रयासरत था कि शाला का समय प्रातःकालीन किया जाए। कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे जायज मानकर शालाओं का समय बदलने का आदेश जारी कर अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। हम सभी उनका हृदय से आभार व्यक्त करते है। आभार व्यक्त करने वालों में उमराव सिंह कुशवाह, सैयद शफाकत हुसैन कादरी, अमरसिंह तोमर, संजीव रघुवंशी, लम्पूराम अहिरवार, निर्भयसिंह, नीलमसिंह , अरूण पांडे, रामबाबू, काशीराम मालवीय, देवेंद्र सिंह दांगी, संजय विश्वकर्मा, कृपाराम सेन, संजय अहिरवार, दिनेश राजपूत, अरूण रघुवंशी आदि शिक्षक शामिल हैं।

## एसपी ने किया औचक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक ने थाना त्योंदा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रिकॉर्ड रजिस्टर, VCNB, माइक्रो बीट रजिस्टर, थानों में ISO अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों, साफ सफाई एवं ड्रिल सामग्री की स्थिति की समीक्षा की। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के आदेशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) ज़ोन अभय सिंह तथा उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रेंज भोपाल ओपी त्रिपाठी के निर्देशन में जिले के पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा थाना त्योंदा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दोनों थाना परिसरों की स्वच्छता, प्रशासनिक व्यवस्थाएं, कार्यालयीन रजिस्टर, मालखाना, वाहनों की स्थिति और उनके व्यवस्थित रख-रखाव का गहन अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सायबर अपराधों की शीघ्र जांच एवं आम जनता को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

### विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने खेल मैदान का किया औचक निरीक्षण

# अगस्त माह तक बनकर तैयार हो जाएगा नगर का खेल मैदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम रजोदा में बन रहे नवनिर्मित खेल स्टेडियम का बुधवार को क्षेत्रीय हरिसिंह रघुवंशी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला खेलकूद कल्याण विभाग के अधिकारी एवं तहसीलदार संदीप जयसवाल भी मौके पर मौजूद रहे। विधायक ने खेल स्टेडियम की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से पूछा कि यह कब तक पूर्ण हो जाएगा और शहर के खेल प्रेमी इसका उपयोग कब कर सकते हैं, जिला खेलकूद विभाग के अधिकारी ने बताया कि अभी हम मिट्टी डालकर ग्राउंड तैयार कर रहे हैं। जिस पर ग्रीन घास लगाई जाएगी, इसके बाद हम रनिंग ट्रैक पर भी कार्य करेंगे लगभग तीन से चार महीने में यह कार्य पूर्ण हो जाएगा और स्टेडियम में खेलने संबंधी गतिविधियों को भी हम सुचारू रूप से जारी कर सकेंगे। खेल मैदान के पास बने हुए इंडोर स्टेडियम का भी विधायक द्वारा निरीक्षण किया गया। खेलकूद कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा अभी कार्य होना शेष बताया गया है। लेकिन ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर मई माह में लगाया जाना है। इससे पूर्व तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने खेल स्टेडियम के निर्माण में आ रही परेशानियों को अधिकारियों से जाना। जिला खेल अधिकारी रावत ने बताया कि यहां पर सुरक्षा और सफाई की कमी है साथी बाउंड्री वॉल और ट्रैक पर दौड़ने के लिए जो मिट्टी उपयोग में की जाती है वह बजट के अभाव में कार्य नहीं कर पा रहे विधायक ने जिला अधिकारी से कहा कि आप मुझे जानकारी दें। इस संबंध में खेलकूद कल्याण विभाग के मंत्री से मिलकर हम बजट लाने का कार्य करेंगे और यदि विभाग में बजट की कमी बनती है तो मैं विधायक निधि से 25 लाख रुपए उक्त कार्य के लिए स्वीकृत कर दूंगा। बच्चों के लिए खेल मैदान शीघ्र तैयार होना चाहिए। जिला खेलकूद अधिकारी रावत ने बताया कि हर ब्लॉक में एक स्टेडियम तैयार कराया गया है बासौदा ब्लॉक में इंडोर और आउटडोर दोनों ही स्टेडियम स्वीकृत हुए हैं और इतने बड़े स्तर पर मैदान किसी भी ब्लॉक में स्वीकृत नहीं हुए। उधर जिला खेल अधिकारी ने बताया कि रजोदा में बने हुए खेल मैदान पर अभी सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, लेकिन मैदान सुचारू रूप से जब चालू हो जाएगा तब वहां पर कम से कम दो सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी। इसके लिए विभाग को जानकारी दे दी गई है। स्वीकृति मिलते ही वहां पर सुरक्षा कर्मियों की भी व्यवस्था खेलकूद कल्याण विभाग द्वारा कराई जाएगी।

## किसानों व मंडी व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को कमलनाथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने एसडीओपी मनोज मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि आवक बढ़ जाने से अनाज तुलाई के दौरान किसान, व्यापारियों को परेशानी हो रही है, किसान एवं मंडी व्यापारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, जिससे किसी तरह से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। एसडीओपी ने उक्त मांग पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रकाश मिश्रा, अदनान भाई, सुनील बाबू पिंगले, कमलनाथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अमित मेहता, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, आईटी सेल अध्यक्ष उमेश सोनी, प्रदीप चौकसे, लालाराम चंदेल, एडवोकेट सोनू यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कमलनाथ ब्रिगेड के सदस्य मौजूद रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में हुए आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से प्राप्त निर्देशों के पालन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों में विशेष रूप से अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विकासखंड बासौदा की त्योंदा ग्राम पंचायत में तालाब की सफाई की गई, तालाब का कचरा और हानिकारक एल्गी को हटाया गया। वहीं उदयपुर ग्राम पंचायत की एक ऐतिहासिक बावड़ी की जन भागीदारी एवं अधिकारियों कर्मचारियों की मदद से साफ सफाई कराई गई। मुरादपुर ग्राम पंचायत के तालाब में ग्रामवासियों के सहयोग से सफाई कराई गई, पूजा की सामग्री के कचरे का नियोजित तरीके से जमा करने की व्यवस्था बनाई गई और सीढ़ियां बनाने की नींव रखी गई। उधर ग्राम पंचायत कुल्हार में पूर्व सरपंच वीरेंद्र शर्मा एवं ग्रामीणों की मदद से जो जंगल विकसित किया गया है, उसमें तालाब के जीर्णोद्धार का एसडीएम विजय राय की अगुआई में भूमि पूजन व पौधारोपण किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के ही अंतर्गत विकासखंड बासौदा की अन्य ग्राम पंचायतों में भी कार्य किया गया और लीच पिट, खेत तालाब, जीर्णोद्धार जैसे कई कार्यों को स्थानीय लोगो व अधिकारी, कर्मचारियों के सहयोग से किया गया। इस अभियान में एसडीएम विजय राय, जनपद सीईओ भगवान सिंह के साथ विकासखंड बासौदा में कार्यरत अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### महावीर जयंती की पूर्व बेला पर निकली अहिंसा वाहन रैली

# विश्व णमोकार दिवस पर हुआ सामूहिक जाप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अहिंसा के प्रवर्तक एवं जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव की पूर्व वेला पर सकल जैन समाज गंज बासौदा द्वारा नगर में विशाल अहिंसा वाहन रैली का आयोजन किया गया। जो कि नगर के त्योंदा रोड स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रोड से प्रारंभ हुई। वाहन रैली के आगे ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से मधुर मधुर भजन चल रहे थे और पीछे पीछे युवा अपने दो पहिया वाहनों पर क्रमबद्ध धर्म ध्वजा लेकर चलते नजर आए। वाहन रैली त्योंदा रोड से प्रारंभ होकर जय स्तंभ, हनुमान चौक सावरकर चौक से तिरंगा बाईपास, बरेठ रोड से बेहलोट रोड होते हुए स्टेशन से महावीर विहार पहुंची। वाहन रैली में युवाओं एवं पुरुषों के साथ साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भी शामिल हुईं। वाहन रैली में गौ रक्षा के स्लोगन लिखी तख्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विश्व में अहिंसा, शांति और सद्भाव फैले इस उद्देश्य से वाहन रैली का आयोजन किया गया। विश्व णमोकार दिवस के अवसर पर दुनिया के 120 देशों में जैन धर्मावलंबियों ने सामूहिक णमोकार मंत्र की जाप करते हुए विश्व में शांति और सद्भाव की कामना की। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन संस्था (जीटो) के आह्वान पर देश विदेश सहित नगर के सभी जिनालयों में प्रातः 08 बजे से 09 बजे तक सामूहिक णमोकार मंत्र का जाप किया गया। वहीं विज्ञान भवन दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सामूहिक णमोकार मंत्र जाप में शामिल हुए जिसका सीधा प्रसारण डीटीएच द्वारा नगर के जिनालयों में भी किया गया। महावीर जन्मोत्सव के अवसर पर दिनांक 10 अप्रैल को प्रातः भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाएगा, जो कि भगवान महावीर विहार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पारसपुरम (धूसरपुरा) पहुंचेगा। शाम 7 बजे से स्थानीय श्री तारण तरण दिगंबर जैन पाठशाला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कवि आमंत्रित हैं।

### रजनी रैकवार को बधाई

**गंज बासौदा।** भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह की सहमति से नगर मंडल कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें रजनी अनिल रैकवार को नगर मंत्री नियुक्त किया गया।



रैकवार की नियुक्ति पर अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना है।



## खबर संक्षेप

### कन्या भोजन का आयोजन किया

**सागर।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर एकता समिति ने बाहुबली कॉलोनी में कन्या भोजन का आयोजन किया। एकता समिति का मुख्य उद्देश्य सभी धर्मों का सम्मान करना है इसी उद्देश्य को सार्थक करने का प्रयास एकता समिति विगत 22 वर्षों से कर रही है। कन्याओं के पैर पूजन कर भोजन प्रसादी का वितरण कर, उपहार दिए। इस अवसर पर वर्षा जैन, प्रीति सोनी, सीमा गुप्ता, अर्चना समैया, अनीता शास्त्री, नेहा समैया, रागिनी जैन, अनीता जैन, किरण सोनी एवं छोटी-छोटी कन्याएं उपस्थित थी।

### ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन अभियान शुरू

**सागर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक चलेगा, जिससे असंगठित क्षेत्र के साथ-साथ गिग/प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे स्विगी, उबर, ओला, जोमैटो, एमेजॉन, ब्लिंक कॉमर्स, ई-कॉम एक्सप्रेस, अंकल डिलीवरी एक्सप्रेस, अर्बन कंपनी, ब्लिंकिट जैसी कंपनियों के साथ जुड़े श्रमिकों का पंजीयन किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में करें पंजीयन

**सागर।** युवाओं के लिए भारत की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप और अच्छी मेंटरशिप प्राप्त करने के लिए शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना का वर्तमान में दूसरा चरण चल रहा है। योजना में अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक किए जा सकते हैं। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत यह युवाओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें जिले की सभी युवा कार्यशाला में आकर शामिल हो और अपना पंजीयन कराए।

महिला मंडल अध्यक्ष जैन बोलीं- पहला नारा यही लगाए जैन है तो जैन लिखाए

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर णमो अरिहंताणं के नारों से गूंजा पूरा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज।



भगवान महावीर जयंती के एक दिन पूर्व बुधवार विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर दिगम्बर जैन बडें मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री दिगम्बर जैन नवयुवक मण्डल व दिव्य देशना महिला मण्डल द्वारा नवकार महामंत्र का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें महामंत्र के उपचारण के साथ आकाश भी गुजंमान हो गया। तो वही जैन श्रद्धालुओं ने महामंत्र का जाप पूर्ण श्रद्धा के साथ संगीतमय नवकार मंत्र के प्रात काल दिगम्बर जैन बडें मंदिर में भगवान महावीर का अभिषेक शांतिधारा का आयोजन किया।

इस अवसर पर 1008 भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर विश्व के अनेको देशो सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष के समस्त जिनालय व सार्वजनिक स्थानो पर पंचपरमेष्ठी भगवान की आराधना करते हुए समस्त जीवन जीवो के कल्याण विश्व शांति समृद्धि एंव अहिंसा की स्थापना की भावना के साथ णमोकार मंत्र जाप में पुण्यार्जन करने वाले समस्त सदस्यों के पुण्य की अनुमोदना की।

दिव्य देशना महिला मण्डल की अध्यक्ष बोली,पहला नारा जैन हो - इस अवसर दिव्य देशना महिला मण्डल की अध्यक्ष रानी जैन बगरोदा ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर पहला नारा यही लगाए जैन है तो जैन लिखवाए। वही उन्होने कहा कि आने वाले 10 अप्रैल को देवा धी देव महावीर स्वामी जन्म कल्याणक की समाजजनो को बधाई देते हुए कहा कि महावीर जयंती पर सभी समाजजन एक छोटा सा नियम ले। हमसे व अपने नाम के साथ जैन शब्द आवश्यक रूप से लगाए। अगर आप भगवान महावीर स्वामी के अनुयाई है तो अपनी पहचान मत छुपाओं और पहला नारा यही लगाए जैन है तो जैन लिखाए। भगवान आदिनाथ के वंशज व अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी अनुयायी ही, यदि हमें अपनी शक्ति का अहसास कराना है। तो एक सूत्र में बंध कर तो रहना ही होगा। साथ ही अपनी पहचान जो जैन शब्द से है सभी को अपने नाम के साथ लगाकर करानी होगी। समय की मांग और वर्तमान की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक अभियान चलाया जाए जैन है तो जैन लिखाएं वास्तविक रूप से देखा जाए तो जैन अनुयायियों की संख्या जनगणना के अनुसार कम है लेकिन वास्तव में अधिक है और उसका मुख्य कारण जनगणना के समय धर्म के कॉलम में जैन न लिखाना। जनगणना के कॉलम में तो जैन लिखाना ही है। लेकिन अपने नाम के पीछे भी जैन शब्द लिखना बहुत आवश्यक है। जिससे की पहचान हो सके कि हम जैन हैं। हम अपने नाम के पीछे जैन न लगाकर अपना गोत्र लगाते हैं जिससे यह पता ही नहीं चल पाता है कि हम जैन है या नहीं है।

### एक मुहिम चलाकर किया जाए यह जागरण

महिला मण्डल की अध्यक्ष रानी जैन बगरोदा ने कहा कि जब भी हमारे बच्चों का प्रथम प्रवेश विद्यालय में कराया जाए तो उस समय उनके नाम के पीछे गोत्र ना लगाकर जैन शब्द का उपयोग किया जाए। जब भी हम अपने नाम का उपयोग करें तो गोत्र से पहले जैन लगाएं। यदि यह संभव होता है तो हमारे संस्कार भी जीवित रहेंगे और हमारी संख्या भी सामने आ सकेगी।

### नव युवक मंडल ने निकाली प्रभात फेरी

महावीर जंयती के एक दिवस पूर्व दिगम्बर जैन नव युवक मण्डल द्वारा प्रात काल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जो नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। इस अवसर पर नमोकार मंत्र एंव भगवान महावीर एंव जियो और जीनो दो,जय जिनेन्द्र के नारो से शहर गूंजमान हो गया। तो वही बुधवार को प्रात काल निकाली गई प्रभात फेरी के अलावा रात्रि के समय बधाई बुलऊआ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही आज प्रात 7 बजें भगवान महावीर का जन्म अभिषेक,शांतिधारा सहित प्रात 8 बजें चल समारोह निकाला जाएगा। इसी के साथ रात्रि 8 भगवान महावीर स्वामी की महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

बच्चे कोई सामान नहीं हैं जिन्हें एक देश से दूसरे देश भेजा जाए वह भी इंसानः डॉ. वानखेड़े

## बच्चे सामान नहीं हैं जिन्हें एक से दूसरे देश भेजा जाए वे भी इंसानः डॉ. वानखेड़े



**सिरोंज।** सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे ने ताशकंद में आईपीयू कांफ्रेंस में अवैध अंतरराष्ट्रीय एडॉप्शन पर आवाज उठाई। तो वही बच्चों के अधिकारों की रक्षा का प्रभावशाली संदेश दिया। साथ ही उज़्बेकिस्तान 150वीं आईपीयू कांफ्रेंस में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व कर एक साहसिक और अत्यंत संवेदनशील विषय पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया। अपने प्रभावशाली वक्तव्य में उन्होंने उन बच्चों एवं नागरिकों की पीड़ा को उजागर किया जिन्हें अवैध अंतरराष्ट्रीय एडॉप्शन की प्रक्रिया में उनके असली परिवारों से बिना अनुमति या जानकारी के अलग कर दिया गया। यह करुणा नहीं, यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। बच्चे कोई सामान नहीं हैं जिन्हें एक देश से दूसरे देश भेजा जाए। वे इंसान हैं। जिन्हें प्यार,पहचान और परिवार का अधिकार है।

## कांग्रेस सोशल मिडिया विभाग के प्रदेश सचिव बने समीर कुरेशी



**सिरोंज।** मध्यप्रदेस कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग द्वारा प्रदेश के प्रदेश महासचिव एंव जिला अध्यक्ष की घोषणा की गई। इस अवसर पर सिरोंज के युवा कांग्रेस नेता समीर कुरैशी को कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। तो वही प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर श्री कुरैशी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एंव नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार,युवा कांग्रेस प्रदेश महा सचिव शादाब खान,सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चंचेल व्यास का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन,नगर कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद गौरी,कांग्रेस नेता सादिक कुरैशी आदि ने बधाई दी।

### प्लेसमेंट सेल के माध्यम से हुआ 5 का चयन

**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा राइनेक्स टेक्नोलॉजी बैंगलोर हेतु ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 02 से 03 अप्रैल को किया गया। उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने हेतु छात्र काफी उत्साहित रहे तथा उन्होंने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त ड्राइव में राइनेक्स टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वप्रथम सागर समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) द्वारा 87 विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार हेतु किया गया जिनमें से साक्षात्कार उपरांत 5 विद्यार्थियों में साक्षी पाण्डेय, कम्प्यूटर साइंस विभाग, मयंक स्वामी, वाणिज्य विभाग, श्रुति शुक्ला, भूगोल विभाग, साक्षी पाटकर, भैतिकी विभाग एवं अर्पिता सोनी, वाणिज्य विभाग को इनसाइड सेल्स स्ट्रेटजिस्ट के रूप में पाँच लाख प्रति वर्ष के सी.टी.सी. पर चयनित किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देने के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के प्लेसमेंट हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## खेमचंद साहू लगातार 30 वर्षों से गरीब बच्चों को दे रहे हैं नवोदय की निःशुल्क कोचिंग

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर के अंबेडकर वार्ड निवासी रिटायर्ड शिक्षक खेमचंद साहू के द्वारा अशहाय एवं कमजोर छात्रों को लगभग 30 वर्षों से निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं एवं प्रत्येक वर्ष साहू सर के द्वारा शिक्षित छात्र-छात्राएं कोचिंग पढ़कर नवोदय, श्रमोदय आवासीय विद्यालय, सैनिक स्कूलों जैसी उच्च शिक्षा के संस्थाओं में जगह बनाकर बच्चे अपनी भविष्य की इमारत खड़ी करते हैं साहू सर के द्वारा पढ़ाए गए बच्चे आज कोई डॉक्टर कोई इंजीनियर कोई पुलिस कोई देश की सीमा पर तैनात नौजवान, तो कोई बड़े-बड़े अधिकारी बनकर अपने सपने को साकार कर रहे हैं। अपनी सफलता की सीढ़ी पाए हुए पूर्व छात्रो ने कहा जिस दिन हम अपने जीवन में हुए सकारात्मक परिवर्तन के लिए हमारे शिक्षकों के अमूल्य योगदान को याद करते हैं तब हमें सर्वप्रथम साहू सर के द्वारा किए हुए समर्पण एवं एकाग्रता ध्यान आती है। जिन्होंने हम सभी आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निःशुल्क कोचिंग पढ़कर आज अपने मुकाम को हासिल करने की योग्य बनाया था। इसलिए तो कहां जाता है प्रलय और निर्माण शिक्षक की गोद में पलते हैं अर्थात शिक्षक ही वो दिशा बताने वाला मार्गदर्शक होता है जो छात्रों को सही समय पर अपने मार्ग में निरंतर चलते रहने के लिए प्रेरित करता है एवं दिशा निर्देश देता है तब जाकर हमारे देश का भविष्य कहे जाने वाले युवा अपनी सफलता की सीढ़ी हासिल कर पाते हैं और देश को आगे बढ़ाने में एवं देश का नाम रोशन करने में सक्षम हो पाते हैं। इस वर्ष भी कुछ दिनों के अंतराल में आए हुए नवोदय एवं श्रमोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी दाखिला के परिणाम घोषित हुए है। जिनमें साहू सर के द्वारा कोचिंग पढ़ाए हुए कई विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जिनमे चयनित विद्यार्थी पूर्वी पिता कमलेश पटेल श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, तरुण पिता संदीप कुर्मी श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, डाली पिता प्रेम शंकर पटेल श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, प्रियांशी पिता रामेश्वर पटेल श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, साक्षी पिता तरुण लोधी नवोदय आवासीय विद्यालय खुरई, नंदिता पिता खूबचंद कोरी नवोदय आवासीय विद्यालय खुरई, तरुण पिता संदीप कुर्मी नवोदय आवासीय विद्यालय खुरई ने सफलता हासिल की। बच्चों के चयन होने पर बच्चों के परिवार के परिजनों के चेहरे पर मुस्कुराहट नजर आ रही है एवं नगर में एक उत्साह जैसा माहौल छाया है।

## गुरुकुल में सेमिनार, उद्योगपति अजय भलोठिया ने बताए सफलता के लिए मंत्र

◆ छात्रों ने करियर एवं पढ़ाई से जुड़े पूछे प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था गुरुकुल विद्यालय में छात्रों के आत्मविकास के लिए एक प्रेरणादायक मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फॉच्यून राइस मिल के डायरेक्टर अजय भालोठिया मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। भालोठिया ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा बड़ा सोचो, मेहनत करो और खुद पर विश्वास रखो। असफलताएं भी सीखने का अवसर होती हैं।

सेमिनार में अजय भालोठिया जी ने छात्रों को अपने संघर्षों और सफलता की यात्रा से प्रेरित किया। उन्होंने कहा, सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास सबसे जरूरी हैं।

उनके विचारों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया। विद्यालय संचालक प्रशांत राठी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मबल, ईमानदारी और निरंतर प्रयास की राह पर चलने का संदेश दिया। छात्रों ने सेमिनार के दौरान करियर, पढ़ाई और आत्मविश्वास से जुड़े कई प्रश्न पूछे। श्री भालोठिया ने सरल और प्रभावशाली उत्तरों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में कई उत्साही छात्रों ने भी मंच से अपने विचार साझा किए, जिससे वातावरण और भी प्रेरणादायक बन गया। विद्यालय संचालक प्रशांत राठी ने कार्यक्रम के अंत में भालोठिया का आभार प्रकट किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन छात्रों के लिए प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा।

भजनों पर झूमे नजर आए भक्तजन

## नगर में निकाली गई मां काली की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्रतिवर्ष की भाँति चैत्र की नवरात्रि पर्व समापन पर जय महाकाल ग्रुप द्वारा दिन में माँ काली की प्रतिमा विर्षजन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रात्रि में शक्ति धाम मंदिर प्रांगण बडा बाजार में देवी जागरण का अर्ध रात्रि के बाद तक कार्यक्रम चला। देवी भजनो पर उपस्थित देवी भक्त श्रोता नाचते झूमते और आनंद उठाते रहे।

शक्तिधाम मंदिर के पास रात्रि में देवी जागरण, धार्मिक भजनो का संगीतमयी कार्यक्रम हुआ। नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, अभिज्ञान पटेल व्यापारी संघ अध्यक्ष, हीरेन्द्र मालवीय, नंदू चांडक, ठाकुर सिंह, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले, अन्य पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल एवं जय महाकाल ग्रुप के पदाधिकारियों अनिल धाकड़ इत्यादि ने माँ काली की विशेष पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। ख्याति प्राप्त भजन गायिका गुनगुन गुंजन तिवारी एवं राज पवार भोपाल द्वारा सुमधुर संगीत के साथ देवी माँ के भजन, जस इत्यादि की देर रात्रि 3 बजे तक प्रस्तुतियां दी जाती रही।

### राज्यमंत्री के द्वारा 15 लाख की घोषणा

राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल कार्यक्रम में नहीं आ सके, परंतु उन्होने लाइव प्रसारण के साथ सम्बौधन किया। महाकाल गुरप के कार्यों की प्रसंशा करते हुए जहॉं माँ काली की प्रतिवर्ष स्थापना होती है। वहॉं ठाकुर कोरी मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 15 लाख रू. दिए जाने की घोषणा की गई।

## नर्मदा क्षेत्र के किसानों में अब मूंग की खेती करने के प्रति बढ़ा रुझान

### गेहूं कटाई के बाद किसान खेत की बची नरवाई में लगा रहे आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र के गांव-गांव में गेंहू की कटाई का जोर बना हुआ है। मजदूरो की भारी कमी के कारण अधिकांश किसान हारवेस्टरों से गेंहू फसल की कटाई को प्राथमिकता दे रहे है। हारवेस्टरो से कटे खेतो की नरवाई में आग लगा कर खेतो की सफाई बाद मूंग की खेती की किसान तैयारी कर रहे है। दूसरी ओर किसानों द्वारा नरवाई में भूसा बनवाने का कार्य किया जा रहा है।

**भूसा खाद बनाना सर्वोत्तम :** क्षेत्र में लाखो एकड में गेंहू की खेती होती है। 90-95 प्रतिशत गेंहू की फसल हारवेस्टरों से ही काटी जाती है। हजारो एकड में गर्मी की मूंग की खेती किसानों द्वारा की जाती है। मूंग की बोवनी के लिए खेतो का कचरा साफ करने आसान तरीका नरवाई में आग लगाना किसान मानते है। जबकि गेंहू कटाई के बाद खेतो की गहरी जुताई कर नरवाई से खाद बनाई जा सकती है। खेतो की नरवाई में आग लगाने से मिट्टी के मित्र कीटाणु समाप्त हो जाने से उर्वरा शक्ति कम होती है। इसके प्रति किसानों में जागरूकता का अभाव बना हुआ है।



### नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध

जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। परंतु इसका पालन और देखरेख की निचले स्तर पर व्यवस्था न होने से सुनापन का लाभ उठा कर किसान नरवाई में आग लगा देते है। हवा की दिशा में आग बढ़ती रहने से अनेक बार नरवाई में लगी आग से फसलों का नुकसान और बडी घटनाए हो चुकी है। अभी तक नरवाई में आग लगाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### कृषि विभाग ने किसानों को बताए गए नरवाई प्रबंधन के लाभ व हानि

**बरेली।** विकासखंड बाड़ी के ग्राम घोट में कृषि अधिकारियों द्वारा बताया गया कि भूमि में 5 प्रतिशत तक कार्बनिक पदार्थ पाया जाता है। यदि हम नरवाई जलाते है, तो वायु प्रदूषण, भूमि की भौतिक, रासायनिक, संरचना खराब हो जाती है, जिससे भूमि कठोर होती है। जिससे जलधारण क्षमता कम हो जाती है और पोषक तत्व उपलब्धता घट जाती है। हम नरवाई से स्ट्रा रीपर द्वारा पशु के लिए भूसा बनवाएं, मूंग फसल को सुपर सीटर से बुवाई करें या मूंग लगाने से पहले रोटावेटर द्वारा नरवाई को भूमि में मिलाये इसके बाद बुवाई करें। जिससे फसल अवशेष मलचिंग का काम करेगा, जिससे भूमि में छाया रहेगी और नमी भी बनी रहेगी और जल की भी बचत होगी भूमि के अंदर मिट्टी में दबाने वाले डंठल सडक़र अगली फसल के लिए खाद का काम करेंगे।

कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं की रही भारी उपस्थिति

# सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनें : राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




शिवा गार्डन में भाजपा का विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी के साथ संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल पदाधिकारी, गांव-गांव से आए भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### प्रत्येक वर्ग को मिले योजनाओं का लाभ

कार्यकर्ता सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसका प्रयास और लोगो के सुख दुःख में साथ खडे होकर भाजपा को कार्यकर्ता मजबूत करते है। कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय विचार पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का उत्थान पार्टी का सिद्धांत है। कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बडा राजनैतिक दल है। म.प्र. में ही एक करोड 72 लाख सक्रिय सदस्य है।

**भाजपा दल नहीं विचार भी है :** राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि साथ चले गांव-गांव, घर-घर पहुंचे, हर दिल में भाजपा और हाथ में कमल हो। पटेल ने कहा कि भाजपा एक राजनैतिक दल ही नहीं विचार भी है। प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत की यात्रा में प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी हो, भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं वरन सेवा समपर्ण और सुशासन है। कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में म.प्र. विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा तो हमारी जिम्मेदारी ओर बढ़ जाती है। कहा कि आपका प्रत्येक घर मेरा कार्यालय है। आपकी हर समस्या मेरी जिम्मेदारी है, आपके सुझाव मेरे लिए मार्गदर्शन है।

### राष्ट्रहित सर्वोपरि

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राज्यमंत्री पटेल ने भाजपा की केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी जी के राष्ट्रहित में लिए गए प्रमुख निर्णय अयोध्या में 500 वर्षो के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण, कश्मीर से धारा 370 का कलंक हटाने, तीन तलाक जैसे कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखा है।

## कट्टे से दहशत फैला रहा युवक गिरफ्तार, जिंदा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के गुरारिया रोड पर एक युवक देशी कट्टे समेत पकड़ा गया। सूचना पर पुलिस ने नगर के गुरारिया रोड पर एक युवक काफी देर से कट्टा लेकर घूम रहा है। जानकारी लगने के तत्काल बाद ही सब इंस्पेक्टर दीपक वर्मा ने गुरारिया रोड पहुंचकर उक्त युवक को पकडक़र तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस मिला। गिरफ्तार किए गए युवक का नाम बेनी सिंह शिल्पी है 32 वर्ष निवासी ग्राम दिमाड़ा बताया।

टीआई कपिल गुप्ता ने बताया कि गुरारिया रोड से एक युवक को एक 315 बोर के देसी कट्टे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। युवक के पास कट्टा कहां से आया इसकी की जा रही है। पुलिस द्वारा आयुध अधिनियम 25/27 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर युवक को जेल भेजा है।

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी श्री कृष्ण गृहनिर्माण सहकारी समिति मर्यादित विदिशा**
**पंजीयन क्र. 64, दिनांक 27.03.1974**

**// आमसभा की सूचना //**

संस्था के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु विशेष आमसभा दिनांक 24.04.2025 को समय 11 बजे से 03:00 बजे तक सोसाईटी कार्यालय विदिशा पर आयोजित की जावेगी। दिनांक 16.04.2025 को समय 11.00 से 02.00 बजे तक संस्था कार्यालय विदिशा पर नामांकन पत्र लिए जावेगे। दिनांक 16.04.2025 को नामांकन पत्रों की जांच 02:00 बजे से जांच पूर्ण होने तक की जावेगी। दिनांक 17.04.2025 को समय 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेगे, तत्पश्चात चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जावेगा आमसभा व निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(किशोर कुमार अहरवाल)
रिटर्निंग अधिकारी
श्री कृष्ण गृहनिर्माण सहकारी समिति मर्यादित विदिशा

## 9 महीने पहले का मामला, भोपाल से सलामतपुर थाने आई केस डायरी

# धान काटने आई युवती से किया दुष्कर्म गर्भवती होने पर मामला आया सामने

- सलामतपुर के सुकासेन गांव का निवासी आरोपी
- युवक को गिरफ्तार कर रायसेन कोर्ट में किया पेश, कोर्ट ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/सलामतपुर

भोपाल की एक युवती ने सलामतपुर थाना क्षेत्र के सुकासेन निवासी युवक पर बलात्कार का मामला दर्ज कराया है। मामला नौ महीने पहले का बताया जा रहा है। युवती के गर्भवती होने पर मामला सामने आया है। इस मामले में भोपाल के गांधी नगर थाने से ज़ीरो पर कायमी होकर केस डायरी सलामतपुर थाने आई है।

पुलिस ने असल कायमी करते हुए आरोपी युवक मनोज कुमार नाथ पिता प्रताप नाथ उम्र 19 वर्ष निवासी सुकासेन गांव पर धारा 64 (2एम), 332 (सी) बीएनएस का मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को गांव से ही गिरफ्तार कर रायसेन न्यायालय में पेश किया है। जहां से आरोपी मनोज को जेल भेज दिया गया है।



### अपने जीजा के घर आई थी युवती

*भोपाल के गांधीनगर क्षेत्र से जुलाई 2024 में एक 20 वर्षीय युवती धान काटने के लिए अपने माता पिता के साथ जीजा के घर सुकासेन गांव आई थी। युवती के माता पिता उसको दामाद के घर छोड़कर वापस भोपाल चले गए थे। 22 जुलाई 2024 को रात्रि 2 बजे से 2:30 बजे के बीच आरोपी मनोज ने घर में घुसकर युवती के साथ जोर जबरदस्ती से बलात्कार कर दिया। इस मामले के बाद मनोज ने कई बार युवती को डरा धमकाकर उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। युवती लगभग 15 दिनों तक सुकासेन गांव में रही फिर वापस अपने घर भोपाल लौट गई।*

### युवती के पेट में पल रहे बच्चे की भी हुई मौत

बलात्कार से गर्भवती हुई युवती के पेट में जो बच्चा पल रहा था। उसकी भी मौत हो गई। जब युवती डॉक्टर के पास अपना चेकअप कराने गई थी। तब डॉक्टर ने जांच कर बताया कि बच्चे की धड़कन नहीं चल रही है। और उसकी पेट में ही मौत हो गई है। सलामतपुर पुलिस ने इस मामले में भी मर्ग 18/25 कायम कर जांच में लिया है।

### युवती के गर्भवती होने पर मामला आया सामने

युवती के पेट में काफी दिनों से दर्द हो रहा था। उसने अपने परिजनों को इस बारे में बताया तो परिजन भोपाल के सुल्तानिया अस्पताल में बेटी को दिखाने लेकर पहुंचे। जांच में युवती के गर्भवती होने के बारे में डॉक्टर ने परिजनों को बताया तो परिजन चिंता में पड़ गए। सख्ती से पूछताछ करने पर युवती ने सुकासेन गांव के मनोज कुमार नाथ पर उसके साथ डरा धमकाकर कई बार बलात्कार करने की बात बताई।

### इनका कहना है

भोपाल के गांधीनगर थाने से रेप के मामले में जीरो पर कायमी होकर केस डायरी हमारे पास आई थी। चूंकि रेप की घटना थाने के सुकासेन गांव की थी। हमने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 64 (2एम), 332(सी) बीएनएस का अपराध कायम कर रायसेन कोर्ट में पेश कर दिया है। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

- **दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी सलामतपुर।

# जन कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता: शर्मा

## सांची विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




जिला मुख्यालय स्थित श्री राम परिसर में भारतीय जनता पार्टी के सांची विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी छह भाजपा मंडल क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि आज सांची क्षेत्र के सम्मेलन में पधारे सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ पार्टी द्वारा जो कार्य योजना बनाकर कार्यक्रमों का विस्तार करने के लिए दी गई है उसे पूरा करें। उन्होंने कहा कि हम सब विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में एक कार्यकर्ता के ही रूप में काम कर रहे हैं इससे बड़ी और क्या बात हो सकती है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। ताकि जनता को उसका लाभ मिल सके। मैं आप सभी से आव्हान करता हूं कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की सभी योजनाएं जनता तक पहुंचाए ताकि अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ मिल सके।

इस अवसर पर सम्मेलन में सांची विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए पूरी सक्रियता के साथ काम करें और सरकार द्वारा लागू की गई कार्य योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम भी कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ करें।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, गैरतगंज जनपद अध्यक्ष विजय पटेल, सांची जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते, राकेश तोमर, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, राजेश पंथी, वीर सिंह पटेल, बृजेश चतुर्वेदी, रायसेन मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा सहित सांची विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहें।

## नरवाई के उचित प्रबंधन हेतु जागरूकता लाने कलेक्टर ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायसेन।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से फसल अवशेष/नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगा, जहां किसानों को नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसानों और नरवाई प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों को नरवाई प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर, सुपर सीडर सहित नरवाई प्रबंधन में सहायक अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लाभ के बारे में बताया गया।

### पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत...

# आंगनबाड़ी केंद्रों में नागरिकों के साथ साझा किए पोषण ट्रैकर एप के महत्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के तहत परियोजना बेगमगंज में पोषण पखवाडा के द्वितीय दिवस कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत, एसडीएम बेगमगंज सौरभ मिश्रा तथा परियोजना अधिकारी रामकुमार सोनी के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी केंद्र सेमरा में हितग्राही की पोषण ट्रैकर एप में फेश कैप्चर एवं ईकेवायसी करवाई गई। इस दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित पोषण ट्रैकर एप के महत्व को नागरिकों के साथ साझा किया गया।

पोषण ट्रैकर एप आंगनवाड़ी केंद्रों और सेवा वितरण की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए एक डिजिटल मंच है। यह एप आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों की वास्तविक समय की निगरानी और ट्रैकिंग करने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, यह एप मातृ और शिशु संरक्षण कार्ड, डब्ल्यूएचओ ग्रोथ चार्ट और बाल मूल्यांकन कार्ड जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों को भी प्रदान करता है।

पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। हितग्राही की पोषण ट्रैकर एप में फेश कैप्चर एवं ईकेवायसी हितग्राही की जानकारी को पोषण ट्रैकर एप में दर्ज कर उनकी पहचान की पुष्टि की जा रही है। साथ ही पोषण ट्रैकर एप के लाभों और महत्व को लोगों के साथ साझा कर उन्हें इसके बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### पोषण पखवाड़ा के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

***रायसेन।** जिले में 8 से 22 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के तहत बुधवार को रायसेन में महिला बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आंगनवाड़ी कार्यकताओं, बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन द्वारा जिला न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए महामाया चौक पर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में पौष्टिक आहार को शामिल करने तथा जंक फूड से बचने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत, परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं तथा महिलाएं भी उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है।*

# राजा बलि का अभिमान चूर करने लिया वामन अवतार: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



ग्राम पंचायत जमुनिया के गांव कायमपुर गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक आनंद कृष्ण शास्त्री ने वामन अवतार की कथा सुनाई। कथा सुनाते हुए कहा कि जीवन में ऐसे मोड़ आते हैं, जिसका हमें अंदेशा भी नहीं होता है। हमें हर बुराई से लडऩे के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मनुष्य रूप में जन्म लेना सबसे बड़ी उपलब्धि है। कथा के दौरान ग्रामीण भक्त भक्ति में झूमने लगे। वामन अवतार की कथा सुनाते शास्त्री ने कहा कि वामन विष्णु के 5 वें तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। यह ऐसे अवतार थे जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रुप में प्रकट हुए। भगवान बामन 52 अंगुल का रूप धारण करके प्रकट हुए और राजा बलि के द्वार पर पहुंचे। बलि ने ब्राह्मण समझकर उनका स्वागत सत्कार किया। जब भगवान ने राजा से तीन पग भूमि दान की याचना की। तब राजा बली ने वामन से छोटे रुप में देख कर भूमि दान करने के लिए सहर्ष राजी हो गए थे। लेकिन जिस पर शुक्राचार्य ने काफी मना किया लेकिन वह नहीं माने, और उन्होंने जमीन पग के लिए गंगाजल का संकल्प लिया।

राजा बलि को यह अभिमान था कि उसके बराबर समर्थ इस संसार में कोई नहीं है। भगवान ने राजा बलि का अभिमान चूर करने के लिए वामन का रूप धारण किया और भिक्षा मांगने राजा बलि के पास पहुंच गए। अभिमान से चूर राजा ने वामन को उसकी इच्छानुसार दक्षिणा देने का वचन दिया। वामन रूपी भगवान ने राजा से दान में तीन पग भूमि मांगी। राजा वामन का छोटा स्वरूप देख हंसा और तीन पग धरती नापने को कहा इसके बाद भगवान ने विराट रूप धारण कर एक पग में धरती आकाश दूसरे पग में पाताल नाप लिया और राजा से अपना तीसरा पग रखने के लिए स्थान मांगा। प्रभु का विराट रूप देख राजा का घमंड टूट गया और वह दोनों हाथ जोड़कर प्रभु के आगे नतमस्तक होकर बैठ गया और तीसरा पग अपने सर पर रखने की प्रार्थना की। वामन अवतार का झांकियों के साथ वृतांत सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए।

# अधिकारियों ने की गौ-वंश को भूसा देने की अपील नरवाई जलाने और भूसा निकासी पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज



तहसील में प्रायः अधिकांश किसानों द्वारा नरवाई जलाकर खड़ी फसलों एवं गांव में आगजनी की घटनाओं के सामने आने पर ओर भविष्य में कोई बड़ी घटना की आशंका के मद्देनजर अब कलेक्टर ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए नरवाई जलाने एवं भूसे को जिले के बाहर ले जाने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है।

एसडीएम एवं तहसीलदार ने क्षेत्र में भूसे की कमी होने की आशंका के मद्देनजर किसानों से अपील की है कि वह कुछ पैसों की लालच में भूसा व्यापारियों को अपने खेत की नरवाई ना बेंचे बल्कि उसे गौशाला प्रबंधन को दे दें ताकि वह भूसा बनाने वाली मशीनों से भूसा बनवा लें क्योंकि वर्तमान में गौशालाओं में आ रही भूसे की कमी को देखते हुए गौवंश की सेवा करके धर्म लाभ भी ले सकें। वहीं मूंग की फसल बुआई के लिए भी कहीं-कहीं नरवाई में आग लगाई जा रही है जोकि आपराधिक श्रेणी में आता है। इसलिए प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर सख्त कदम उठाते हुए मुनादी करा दी है। यदि किसान नहीं मानते हैं तो अब एफआईआर कराने की बात प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

एसडीएम सौरभ मिश्रा एवं तहसीलदार एसआर देशमुख ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए किसानों से अनुरोध किया है कि तहसील में स्थित गौशालाओं एवं लावारिस गौवंश के सामने भोजन का संकट गहरा रहा है। शिकायत मिली है कि किसानों द्वारा लालच में आकर अपने खेतों की नरवाई गौशाला संचालकों को ना देकर भूसा व्यापारियों को बेंच रहे हैं। ये व्यापारी भूसे का स्टॉक करके रख लेते हैं और जून-जुलाई में अपने क्षेत्र से बाहर ले जाकर ऊंचे दामों में बेचते हैं जबकि संबंधित गौशालाओं के आसपास के किसान अब तक गौशालाओं को भूसा बनवाने के लिए अपने खेतों की नरवाई दान में देते आए हैं।

कलेक्टर द्वारा जिले के बाहर भूसा ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है जो सख्ती से लागू रहेगा। इसकी गांव -गांव डोंडी भी पिटवाई जा रही है। एसडीएम सौरभ मिश्रा एवं तहसीलदार एसआर देशमुख ने किसानों से अपील की है कि वह ना तो नरवाई में आग लगाएं और ना ही भूसा व्यापारियों को बेंचे बल्कि अपने-अपने क्षेत्र की गौशाला प्रबंधन को नरवाई दान में दे दें ताकि वह लोग पशुओं के लिए भूसा तैयार कराकर सदुपयोग कर सकें।

## अतिथि शिक्षकों ने मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने अतिथि शिक्षकों के लिए पक्की नीति बनाने की मांग की है। शिक्षकों ने मांग की है कि उन्हें अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर विभागीय परीक्षा से पक्का किया जाए। परीक्षा होने तक 12 महीने का सेवा एग्रीमेंट दिया जाए। आदिवासी विभाग में काम कर रहे शिक्षकों का 6 महीने का रुका हुआ वेतन तुरंत दिया जाए। हटाए गए शिक्षकों को फिर से मौका देने की मांग शिक्षक संघ ने मांग की है कि सत्र 2025-26 में खाली होने वाली जगहों पर स्थानीय लोगों को पहले मौका दिया जाए।

# अप्रैल में ही तीखे हुए सूरज के तेवर 40 पर पारा, लू चलने की संभावना

## तेज धूप के चलते दोपहर के समय शहर की सड़कें हो रही सूनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



अप्रैल के दूसरे सप्ताह में भी गर्मी के तेवर कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिनोंदिन गर्मी के तापमान का पारा बढ़ता जा रहा है ।दोपहर के समय तो घर से बाहर निकलना बड़ा मुश्किल हो रहा है ।सूरज की तेज किरणें लोगों को पसीने से तर-बतर कर देती है। दोपहर के वक्त तो सड़कों पर ऐसा लगता है मानो वहां कर्फ्यू सा लग गया हो।

तेज गर्मी होने को लेकर बुधवार को दोपहर के समय शहर की सड़कें सूनी दिखाई दीं। गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में कैद होकर रह गए। गर्मी तेज होने को लेकर पंखें कूलर भी गर्म हवा दे रहे थे। गर्मी के राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। बाजार में पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ गई है। आगे भी गर्मी तेज रहने वाली है।, जिससे बाजार में पेय पदार्थ की ब्रिकी ज्यादा होगी। भीषण गर्मी के सीजन में बार-बार बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। पंखा, कूलर और एसी का निरंतर उपयोग होने को लेकर बिजली की खपत और लोड भी बढ़ गया है। जिससे बिजली लाइन बार-बार फॉल्ट हो रही हैं।

अप्रेल के पहले सप्ताह में गर्मी ने बीते 12 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है।

### फीस जमा न करने के कारण किसी बच्चे को परीक्षा से वंचित न किया जाए

**प्रायवेट स्कूल संचालकों के साथ हुई बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा -**

# कोई बच्चा अगर फीस भरने में सक्षम नहीं है तो फीस मैं स्वयं जमा करूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को प्रायवेट स्कूल संचालकों के साथ कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में फीस वृद्धि और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बैठक बुलाई गई।

कलेक्टर ने प्राइवेट स्कूल संचालकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु कई प्रकार के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बच्चें के भविष्य का निर्माण होता है, उसे अच्छे से अच्छी शिक्षा दी जानी चाहिए। स्कूल बच्चें की शिक्षा का आधार स्तम्भ है। बच्चों जो स्कूल में सीखता है, वह उसे हमेशा काम आता है। उन्होंने स्मार्ट क्लास के नाम पर 1500 से 2000 रुपए तक की अतिरिक्त फीस वसूली पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने स्कूल संचालकों और शिक्षकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण की बात कही और उन्होंनें बच्चों के स्कूल बैग का बोझ कम करने का निर्देश दिया। साथ ही एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की किताबें लेने पर आपत्ति जताई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डीपीसी पीके रैकवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### फीस नहीं भर पाने के कारण परीक्षा से वंचित न रहे बच्चा- कलेक्टर

*कलेक्टर ने कहा कि कोई गरीब बच्चा फीस नहीं भर पा रहा है, तो वे खुद उसकी फीस जमा करेंगे। उन्होंने स्कूल संचालकों से कहा कि ऐसे बच्चों को उनके पास लाएं। उन्होंने यह भी कहा कि फीस न भर पाने के कारण किसी बच्चे का परीक्षा से वंचित होना शर्म की बात है।*



### हर शुक्रवार को अभिभावक कर सकते हैं कलेक्टर से मुलाकात

कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सप्ताह के एक दिन शुक्रवार तय किया है, इस दिन अभिभावक स्कूल से जुड़ी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट में पहुंच सकते हैं। उनकी समस्या सुनी जाएगी।

### मैं भी एक सरकारी स्कूल में पढ़ा हूं : कलेक्टर

*कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि वे खुद गांव के सरकारी स्कूल से पढ़े हैं। उस समय वहां पर पढ़ाई के लिए इनते संसाधन नहीं हुआ करते थे, जो कि आज के बच्चों को मिल रहे है। शिक्षक बच्चों पर विशेष ध्यान देकर पढ़ाई कराते थे, ताकि वह अच्छे से अच्छे अंक अर्जित कर सके। उस समय कोचिंग क्लास भी नहीं हुआ करती थीं। उनके शिक्षक स्कूल के समय के बाद बच्चों को अतिरिक्त पढ़ाई कराते थे ताकि 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र 90 प्रतिशत तक ला सकें। उन्होंने प्रायवेट स्कूल संचालकों से अपील की कि वह फीस और किताबों की अपेक्षा बच्चों की पढ़ाई पर अधिक ध्यान दें, ताकि भविष्य में बच्चें अपने परिजन व स्कूल का नाम रोशन कर सके।*